CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 70 ▫ रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## बस्तर पंडुम के समापन में शामिल हुए गृहमंत्री अमित शाह

### नक्सलमुक्त करने का संकल्प पूरा होगा : सीएम साय




**जगदलपुर/दंतेवाड़ा,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज शनिवार को बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित जिले जगदलपुर और दंतेवाड़ा दौरे पर है। दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी का दर्शन के बाद 'बस्तर पंडुम' के समापन में शिरकत करने पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित सांसद और मंत्रीगण भी शामिल है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के पद्मश्री, नेशलन अवार्डी भी शामिल हुए है। यहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दंतेवाड़ा पहुंचकर सबसे पहले मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इस दौरान वह धोती-कुर्ता पहने नजर आए। इस दौरान वह धोती-कुर्ता पहने नजर आए। मां का आशीर्वाद लेने के बाद अमित शाह बस्तर पंडुम के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच गए हैं। यहां उन्हें माला और गौर मुकुट पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि अब हमारा बस्तर को नक्सलमुक्त करने का संकल्प पूरा होगा।

आयोजन के दौरान गृह मंत्री के साथ राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, रामविचार नेताम, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव समेत सांसद और विधायक मौजूद हैं. अमित शाह आयोजन स्थल पर लगे बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों के स्टालों का भी निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के इस दौरे का उद्देश्य नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेना है। अपने दौरे के दौरान अमित शाह बस्तर फाइटर के कमांडरों से भी मुलाकात करेंगे और बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा व नारायणपुर जिलों के जनप्रतिनिधियों से भी चर्चा करेंगे। यह बैठकें क्षेत्रीय विकास और सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर केंद्रित होंगी। इसके अलावा, गृह मंत्री जवानों के साथ भोजन भी करेंगे, जिससे सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ेगा। शाम 4.15 बजे वे जगदलपुर से रायपुर लौटेंगे और शाम 5 बजे राजधानी में वामपंथी उग्रवाद पर विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्री का दौरा रात्रि 8 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होने के साथ संपन्न होगा। यह दौरा बस्तर क्षेत्र में केंद्र और राज्य सरकार की संयुक्त रणनीति को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, मंत्री राम विचार नेताम, केदार कश्यप, विधायक जगदलपुर किरण देव अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव राहुल भगत, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर सुंदरराज पी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

**मां दंतेश्वरी के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की**

## बस्तर पंडुम में शामिल होने पोटली के ग्रामीणों से भरी पिकअप वाहन पलटी, 30 घायल, 6 गंभीर



**दंतेवाड़ा,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल) छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत पालनार के पास आज शनिवार 11-30 बजे ग्रामीणों से भरी एक पिकअप वाहन पलट गई है। इस हादसे में 30 ग्रामीण घायल हो गये हैं, छह की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार जारी है। मिली जानकारी के अनुसार इस हादसे में एक ग्रामीण का हाथ कटकर अलग हो गया है। सभी ग्रामीणों को मौके से निकालकर जिला अस्पताल लाया गया है। यह सभी ग्रामीण दंतेवाड़ा जिले के नक्सल प्रभावती इलाके पोटली के रहने वाले हैं। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के हाई स्कूल मैदान में आज बस्तर पंडुम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इन सभी ग्रामीणों को पिकअप के माध्यम से दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय लाया जा रहा था। इसी बीच पालनार के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 30 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने निजी वाहनों के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया है। कुछ घायलों का कुआकोंडा में इलाज चल रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान, थाईलैंड की प्रधानमंत्री को भेंट की डोकरा पीतल की 'मोर नाव'



**रायपुर,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश यात्राओं के दौरान मेजबान को भारत में बनी कोई न कोई ऐसी कलाकृति भेंट करते हैं, जिनका अपना विशेष महत्व होता है. थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में आयोजित BIMSTEC शिखर सम्मेलन भी एक ऐसा अवसर था, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले सुंदर हस्तशिल्प भेंट किए।

थाई प्रधानमंत्री शिनवात्रा को प्रधानमंत्री मोदी ने डोकरा पीतल की मोर नाव भेंट में दी है. यह छत्तीसगढ़ के जनजातीय कारीगरों द्वारा प्राचीन 'लॉस्ट-वैक्स' ढलाई तकनीक से हाथ से बनाई गई कलाकृति है. मोर के आकार की इस नौका पर की गई जटिल नक्काशी और एक शांत आदिवासी नाविक मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य को दर्शाता है, जो डोकरा कला की मूल भावना है.

**भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले सुंदर हस्तशिल्प भेंट किए**

## ब्रेकिंग न्यूज

### सीजीएसटी में तबादला : मानस रंजन मोहंती बने चीफ कमिश्नर तो पराग चकोर बोरकर प्रिंसिपल कमिश्नर

**रायपुर,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड के अधिकारियों को पदोन्नति देने के साथ तबादला किया गया है. इनमें मानस रंजन मोहंती को भोपाल जोन का चीफ कमिश्नर नियुक्त किया गया है. वहीं पराग चाकोर बोरकर को रायपुर कार्यालय में बतौर प्रिंसिपल कमिश्नर नियुक्त किया गया है.

### लड़कियों के गैंग ने अपनी ही सहेली पर किया हमला

**रायपुर,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)। राजधानी में युवकों का गैंगवॉर तो आम बात है. लेकिन अब राजधानी रायपुर में युवतियों के एक गैंग ने अपनी ही सहेली के घर जाकर उसके साथ जमकर मारपीट की और पीड़िता का दावा है कि उसे पंच (मुक्का) भी मारा. इस पूरे मामले में पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर 5 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. दरअसल राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भावना नगर में एक फैशन डिजाइनर युवती के साथ घर में घुसकर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है. घटना 3 अप्रैल को शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है, जब पीड़िता अपने घर पर नहाने गई थी.

### उपार्जन केंद्रों से 3 करोड़ 36 लाख का धान गायब! प्रभारियों को नोटिस

**कवर्धा,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल) कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक में तीन करोड़ छत्तीस लाख रुपए मूल्य का धान कम पाया गया है. इस गड़बड़झाले पर पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर ने संबंधित तीन उपार्जन केंद्र के खरीदी प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. मामला कोदवागोड़ान, सरईसेत और बघर्रा उपार्जन केंद्र से जुड़ा हुआ है. राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग की संयुक्त जांच में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं सामने आई हैं.




**चूहा- सुनती हो, पीएम मोदी ने बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद युनूस से कहा कि बांग्लादेश में जल्द चुनाव कराएं।**
**चुहिया- हां जी, चुनाव की चिंता तो वहां की जनता को करनी चाहिए!**

## जमीन विवाद ने लिया हिंसक रूप, लाठी-डंडों से हमला कर अधेड़ की हत्या, पांच लोग घायल



**बिलासपुर/तखतपुर,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल) तखतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भीमपुरी पंचायत में जमीन विवाद ने शुक्रवार रात को हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच हुए इस खूनी संघर्ष में 56 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक नाबालिग लड़की समेत चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी के अनुसार, साधे लाल नवरंग (56) पर विरोधी पक्ष के लोगों ने लाठी और लोहे के रॉड से हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। संघर्ष के दौरान दूसरे पक्ष की एक नाबालिग लड़की भी बुरी तरह घायल हो गई, जिसे अन्य चार घायलों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाए हैं और आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में यह विवाद जमीन के बंटवारे को लेकर था, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, वहीं इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

## ऑनलाइन बेटिंग एप्स पर हाई कोर्ट की तीखी टिप्पणी- मेहनत से नहीं, शॉर्टकट से पैसा कमाना चाहते हैं लोग



**बिलासपुर,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन बेटिंग एप्स के फलते-फूलते बाजार को लेकर हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है. चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस अरविन्द वर्मा की डिवीजन बेंच ने मामले में सुनवाई की. कोर्ट ने राज्य सरकार, गृह विभाग और केंद्र सरकार को शपथपत्र से हलफनामा दाखिल कर जवाब मांगा है, इसमें महादेव एप उजागर होने के बाद अब तक कितने अन्य एप्स पर एक्शन लिया गया, इसकी जानकारी भी मांगी गई है. मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी.

वहीं, एक सक्रिय सट्टा एप को भी याचिका में शामिल किया गया है. सट्टा एप को लेकर याचिका रायपुर निवासी सुनील नामदेव ने अधिवक्ता अमृतो दास के माध्यम से दाखिल की है, जिसमें कहा गया है कि कई सट्टा एप्स आज भी सक्रिय हैं. मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि इन सक्रिय एप्स को चिन्हित कर तत्काल कार्रवाई की जाए. मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि लोग अब मेहनत से नहीं, शॉर्टकट से पैसा कमाना चाह रहे हैं, जो समाज और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए खतरनाक है. कोर्ट ने सरकार को यह भी याद दिलाया कि वैध और अवैध के बीच की रेखा टूटनी नहीं चाहिए. हाई कोर्ट में दायर याचिका में आईपीएल जैसे क्रिकेट के आयोजनों के दौरान सट्टा एप्स के बढ़ते चलन पर भी चिंता जताई गई है. इसके साथ ही निगरानी के लिए एक स्थायी तंत्र बनाए जाने की मांग भी की गई है. हाई कोर्ट ने कहा कि जिन एप्स पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, उन्हें तुरंत चिन्हित किया जाए.

## गुमास्ता पंजीयन में रिश्वत, दो कर्मचारी बर्खास्त, निरीक्षक निलंबित, श्रम अधिकारी को नोटिस

**कोण्डागांव,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)। जिले में गुमास्ता लाइसेंस पंजीयन के नाम पर रिश्वतखोरी का बड़ा मामला सामने आया है. जिला प्रशासन ने इस प्रकरण में त्वरित और सख्त कार्रवाई करते हुए दो संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने के साथ श्रम उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है. इसके साथ जिला श्रम अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्रम विभाग के संविदा कर्मचारी सिंधु नाथ मंडल और उमा शंकर साहू पर आरोप था कि वे गुमास्ता पंजीयन के लिए आए आवेदकों से ?5,000 की रिश्वत मांग रहे थे. इस मामले की शिकायत सीधे जिला कलेक्टर कोण्डागांव को प्राप्त हुई, जिसके बाद तुरंत जांच के आदेश दिए गए. जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद दोनों संविदा कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया. इसके साथ ही, श्रम उप निरीक्षक को निलंबित कर उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी गई है. इस मामले में जिला श्रम अधिकारी की भूमिका भी संदेह के घेरे में आई है. प्रशासन ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। यदि उनके जवाब से संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलता, तो आगे की कठोर कार्रवाई की जा सकती है. इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी. गुमास्ता पंजीयन से जुड़े अन्य आवेदकों को भी यदि किसी प्रकार की अवैध वसूली की शिकायत हो, तो वे सीधे उच्च अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं.

## अलविदा 'भारत कुमार' : पंचत्तवों में विलीन हुए मनोज कुमार, बड़े बेटे कुणाल ने दी मुखाग्नि



**नई दिल्ली,** 5 अप्रैल (न्यूज चैनल)। जिंदगी की ना टूटे लड़ी प्यार कर ले घड़ी दो घड़ीज.कभी 'भारत' को अपनी फिल्मों में जीने वाले दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार आज हर भारतीय की यादों में जी रहे हैं। मनोज ने 87 की उम्र में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली।

मनोज कुमार का शनिवार को मुंबई में पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मनोज कुमार के बेटे कुणाल ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। एक्टर को आखिरी विदाई देते हुए उनकी पत्नी शशि गोस्वामी का हाल बेहाल हो गया था वो फूट-फूटकर रोने लगी। मनोज का दाह संस्कार विले पार्ले के नानावटी अस्पताल के सामने पवन हंस श्मशान घाट में हुआ। उनके अंतिम संस्कार में बॉलीवुड से जुड़ी तमाम हस्तियां पहुंची। मनोज कुमार को अंतिम विदाई देते हुए सबकी आंखें नम हो गईं। मनोज कुमार के निधन के बाद से उनके लिए हर कोई भावुक और मायूस दिखा और नम आंखों से उन्हें विदाई दी। उन्हें आखिरी विदाई पर श्रद्धांजलि देने के लिए अमिताभ बच्चन से लेकर अभिषेक, सलीम खान, अरबाज खान, प्रेम चोपड़ा जैसे तमाम सिलेब्रिटीज पहुंचे।

बता दें कि शुक्रवार को उनके निधन के बाद शनिवार को अंतिम संस्कार का फैसला लिया गया। दरअसल उनकी फैमिली के कुछ सदस्य विदेश में थे इसलिए उनका अंतिम संस्कार आज किया गया। धर्मेन्द्र से लेकर हेमा मालिनी, सलमान खान, शाहरुख खान, अक्षय कुमार, कंगना रनौत जैसी तमाम सिलेब्रिटीज़ ने एक्टर के निधन पर दुख जताया और उन्हें याद किया।बताया जाता है कि मनोज कुमार 21 फरवरी से कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती थे। एक्टर उम्र को लेकर सांस और हार्ट की बीमारी से जूझ रहे थे।

## देश का सबसे बड़ा पोल्ट्री कॉन्क्लेव राजधानी में 8 से

**रायपुर,** 5 अप्रैल (हाईवे चैनल)।। आईबी ग्रुप राजनांदगांव द्वारा विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए 'विकसित पोल्ट्री, विकसित छत्तीसगढ़' के लक्ष्य के साथ आगामी 8 अप्रैल से दो दिवसीय पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन रायपुर के होटल ओमाया में किया गया है। इसमें देश के करीब 6000 पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स शामिल होंगे। आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी राज्य को विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में स्थापित करने की दिशा में पहल कर रहे हैं।

इस विचार को मूर्त रूप देने की दृष्टि से अब आईबी ग्रुप द्वारा 2035 तक छत्तीसगढ़ को देश का प्रोटीन हब के रूप में विकसित करने का संकल्प लिया गया है। इसी उद्देश्य से देश के सबसे बड़े पोल्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस कॉन्क्लेव में छत्तीसगढ़ के आलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना सहित पूरे 28 राज्यों से फार्मर्स और ट्रेडर्स शामिल होंगे।

**करीब 6000 पोल्ट्री फार्मर्स और ट्रेडर्स होंगे शामिल**

CMYK